विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के द्वितीय बुधवार के लिए निर्धारित श्री आशुतोष सिन्हा, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-6 का उत्तर

**प्रश्न**

6(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बताएंगे कि सेवायोजन विभाग के अनुसार वर्तमान में कुल कितने व्यक्तियों ने नौकरियों की तलाश के लिए सेवायोजन पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत कराया है तथा इसके सापेक्ष कुल कितनी नौकरियां उपलब्ध है?

**उत्तर**

सेवायोजन विभाग के अधीन संचालित प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा जॉबसीकर्स(रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी) को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का कार्य किया जाता है। इस हेतु सेवायोजन विभाग के पोर्टल https://sewayojan.up.nic.in में जॉबसीकर्स(रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थी) एवं नियोजकों को ऑनलाइन पंजीकरण की व्यवस्था है।

सेवायोजन पोर्टल पर दिनांक 19 मार्च, 2017 से 13 फरवरी, 2023 तक पंजीकृत जॉबसीकर्स की संख्या 27,95,302 है।

प्रदेश के सेवायोजन कार्यालयों द्वारा कार्यालय परिसर/ परिसर के बाहर यथा आवश्यक चयनित स्थान में रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता है, इन मेलों में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा अधिसूचित रिक्तियों के सापेक्ष रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किये जाने की व्यवस्था है।

19 मार्च, 2017 से 31 जनवरी, 2023 तक आयोजित 5,278 रोजगार मेलों के माध्यम से 7,46,878 अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं एवं दिनांक 17.02.2023 की स्थिति के अनुसार सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत नियोजकों द्वारा 15,856 रिक्तियाँ जॉबसीकर्स के रोजगार मेलों में प्रतिभाग करने हेतु उपलब्ध हैं।

(ख) बेरोजगारी तथा सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत व्यक्तियों के सापेक्ष नौकरियों की उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में रोजगार बढ़ाने के लिए योजनाएं हैं?

सेवायोजन कार्यालयों द्वारा रोजगार मेलों का आयोजन कर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने का कार्य किया जाता है।

| क्र0 सं0 | वर्ष | रोजगार मेलों की संख्या | चयनित अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | दिनांक 19 मार्च, 2017 से 31 मार्च 2018 तक | 633 | 63,152 |
| 2 | दिनांक 01 अप्रैल, 2018 से 31 मार्च, 2019 तक | 685 | 1,03,202 |
| 3 | दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 तक | 733 | 1,43,304 |
| 4 | दिनांक 01 अप्रैल, 2020 से 31 मार्च, 2021 तक | 869 | 1,47,499 |
| 5 | दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च, 2022 तक | 822 | 1,17,430 |
| 6 | दिनांक 01 अप्रैल, 2022 से 31 जनवरी, 2023 तक | 1536 | 1,72,291 |
| | योग | 5278 | 7,46,878 |

---2

कुशल कामगारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने एवं जनसामान्य व शासकीय विभागों को स्थानीय सेवाएं (प्लम्बर, कारपेन्टर, पेन्टर, इलेक्ट्रिशियन, ड्राईवर आदि) प्रदान करने हेतु सेवामित्र प्लेटफार्म (पोर्टल **sewamitra.up.gov.in**/सेवामित्र एप/कॉल सेन्टर) की व्यवस्था सेवायोजन विभाग द्वारा विकसित की गयी है।

- सेवामित्र पोर्टल पर पंजीकरण की स्थिति (दिनांक 13 फरवरी, 2023 तक):-

1. कुशल कामगारों का संख्या :- 33,913
2. सेवाप्रदाताओं की संख्या :- 753
3. सेवामित्रों की संख्या :- 3,839

(ग) यदि हॉ, तो उक्त का विवरण क्या है? — उपरोक्तानुसार।

(घ) यदि नहीं, तो क्यों? — प्रश्न नहीं उठता।

अनिल राजभर
मंत्री
श्रम एवं सेवायोजन